दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज जमुई में महागठबंधन की जनसभा को करेंगे संबोधित।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में करेंगे चुनाव प्रचार।

03. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की पांच सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच में इकतीस पर्चे रद्द। पचपन उम्मीदवारों के पर्चे पाये गये वैध।

04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के पच्चीस जिलों में आज लू का अलर्ट जारी किया। आपदा प्रबंधन विभाग ने जिलाधिकारियों को स्कूलों को सुबह की पाली में संचालित करने के निर्देश दिये।

---

लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत जमुई में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी भी मौजूद रहेंगे। वे राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास के पक्ष में प्रचार करेंगे। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत एनडीए घटक दलों के प्रमुख नेता भी मौजूद रहेंगे। वहीं, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह नौ अप्रैल को औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की पांच सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब इन क्षेत्रों में पचपन उम्मीदवार रह गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच में कुल इकतीस नामांकन पत्र रद्द किये गये। अब कटिहार से दस, पूर्णियां से सात, भागलपुर से तेरह, बांका से दस और किशनगंज से पन्द्रह उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गये हैं। किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर संसदीय क्षेत्रों से छियासी उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे

थे। सबसे अधिक दस नामांकन पत्र कटिहार लोकसभा क्षेत्र में रद्द किये गये। वहीं, बांका में नौ, भागलपुर में आठ और पूर्णियां में चार नामांकन पत्र रद्द हुये। किशनगंज में सभी पन्द्रह उम्मीदवारों के नामांकन सही पाये गये हैं। इन सीटों के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि आठ अप्रैल है। मतदान छब्बीस अप्रैल को होगा।

————————————————————————

विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी इंडी गठबंधन में शामिल हो गये। पटना स्थित राजद कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने ये घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को राजद ने अपने कोटे से लोकसभा की तीन सीटें दी हैं। ये सीटें हैं– झंझारपुर, गोपालगंज और पूर्वी चम्पारण।

———बाईट———

इधर, मुकेश सहनी ने भाजपा पर अवसरवाद का आरोप लगाते हुए कहा है कि हम लालू प्रसाद की विचारधारा में विश्वास करते हैं।

————————————————————————

विकासशील इंसान पार्टी को लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव चिन्ह लेडीज पर्स आवंटित किया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने बताया कि वीआईपी तीन लोकसभा क्षेत्रों गोपालगंज, पूर्वी चंपारण और झंझारपुर में अपने चुनाव चिन्ह लेडीज पर्स के साथ ही मतदाताओं के बीच जाएगी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय पार्टियों को छोड़ कर निबंधित दलों के लिए अलग–अलग चुनाव चिन्ह आवंटित किये जाते हैं।

————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य सरकार के मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी कांग्रेस में शामिल हो गये। कल पटना में आयोजित समारोह में उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। राजनीति हलकों में उन्हें समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार बनाये जाने की चर्चा है।

————————————————————————

गृह विभाग ने भोजपुर जिले के डीएसपी रक्षित राकेश रंजन को ईवीएम भंडारण और सुरक्षा के मानक के उल्लंघन के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इससे पहले भोजपुर जिले के आरा में ईवीएम गोदाम में ड्यूटी पर तैनात सिपाही की आत्म हत्या के मामले में चुनाव आयोग ने आरा सदर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था।

———————————————————————

चुनाव आयोग चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए कई अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल कर रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी प्रत्याशियों की प्रोफाईल को रियल टाईम अपडेट किया जाएगा। इसके साथ ही दागी प्रत्याशियों की प्रोफाईल आयोग की ऐप पर लाल रंग में नजर आयेगी। वहीं, जिन प्रत्याशियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं होगा, उनकी प्रोफाईल हरे रंग में दिखाई पड़ेगी। चुनाव आयोग द्वारा नो योर कैंडीडेट–केवाईसी ऐप पर प्रत्याशियों के शपथ पत्र को अपलोड किया जाएगा।

———————————————————————

सारण लोकसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के खिलाफ भाजपा ने आचार संहिता उल्लंघन को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा न्यायिक मामले के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि रोहिणी ने रोड–शो में अपनी मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सुरक्षा कर्मियों का उपयोग किया था। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सारण जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई गयी है।

———————————————————————

लोक सभा चुनाव में जहानाबाद जिले में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए सदर प्रखंड के बीडीओ वेद प्रकाश के नेतृत्व में गोनमा पंचायत के महादलित टोला कालूपुर में लोगों को जागरूक किया गया।

———————————————————————

प्रथम चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मुंगेर के सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर राकेश रंजन कुमार ने कमजोर वर्ग के लोगों की बस्तियों में जाकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया।

———————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जारी रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

–––बाईट–––

मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में पांचवें चरण के तहत बीस मई को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है। जिला प्रशासन चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटा हुआ है। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया कि जल्द ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के विषय में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

–––बाईट–––

जिलाधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनाव को लेकर भ्रामक और गलत जानकारी फैलाने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों की पहचान कर उनपर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

–––बाईट–––

जिलाधिकारी ने बताया कि स्वीप अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

–––बाईट–––

पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

–––बाईट–––

इधर, जिले में राजनीतिक दलों की सक्रियता काफी बढ़ गयी है। विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा लगातार जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य निर्वाचन आयोग ने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर निर्वाचित परबत्ता प्रखंड की अगुआनी पंचायत की मुखिया स्मृति कुमारी को अयोग्य घोषित किया है। स्मृति कुमारी ने अत्यंत पिछड़ी जाति के प्रमाण पत्र पर चुनाव जीता था, जबकि वे पिछड़ी जाति से आती हैं।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

मौसम विभाग ने प्रदेश के पच्चीस जिलों में आज लू का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी भागों के जिलों में एक या दो स्थानों पर गर्म रात की भी संभावना है। विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान दक्षिण बिहार के कुछ स्थानों पर हल्की बूंदावांदी से लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि पटना, गया, बक्सर, मुंगेर, सीवान, सारण, गोपालगंज, कटिहार और भागलपुर समेत पच्चीस जिलों में अगले दो दिनों के दौरान लू चलने की आशंका है। इस अवधि में राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है।

–––बाईट–––

प्रदेश में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को स्कूलों को सुबह की पाली में संचालित करने या गर्मी की छुट्‌टी निर्धारित समय से पहले घोषित करने के निर्देश दिये हैं। निर्देश के अनुसार जिलाधिकारी स्थिति की समीक्षा के बाद स्कूलों को अल्पावधि के लिए बंद करने का फैसला भी ले सकते हैं।

———————————————————————

प्रदेश में एईएस और चमकी बुखार को लेकर अब बच्चों की स्वास्थ्य निगरानी जन्म के बाद से ही शुरू की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने होम बेस्ड न्यू बॉर्न केयर–एचबीएनसी कार्यक्रम में एईएस को भी शामिल किया है। विभाग ने इस संबंध में मुजफ्फरपुर समेत सभी जिलों के सिविल सर्जन को पत्र भेजा है।

———————————————————————

विद्यालयों में पोषण जागरूकता में बिहार ने देशभर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया हैं। शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार नौ से तेईस मार्च तक चलाये गये पोषण पखवाड़े के तहत राज्य के सभी स्कूलों में सबसे ज्यादा गतिविधियां करवाई गयीं।

———————————————————————

सुपौल जिले में एसएसबी पैंतालीसवीं बटालियन ने भीमनगर में गश्ती के दौरान अठारह ग्राम ब्राउन शुगर तथा मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित रणधीर वर्मा अंडर–नाईंटीन क्रिकेट प्रतियोगिता में मुज़फ़्फ़रपुर ने खगड़िया को आठ विकेट से पराजित कर दिया।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने कांग्रेस के घोषणा पत्र जारी करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– कांग्रेस के घोषणा पत्र में नौकरियां, जातीय जनगणना और आरक्षण सीमा बढ़ाने का वादा।

**दैनिक जागरण** ने ग्वालियर के एमपी एमएलए कोर्ट से जारी वारंट को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– हथियारों की तस्करी में लालू प्रसाद के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट।

**दैनिक भास्कर** ने माइक्रोसॉफ्ट की आरे से दी गयी चेतावनी को प्रमुखता देते हुए लिखा है– भारत और अमरिका में चुनाव बाधित करने के लिए एआई का उपयोग करेगा चीन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव आज जमुई में महागठबंधन की जनसभा को करेंगे संबोधित।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नवादा में एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में करेंगे चुनाव प्रचार।

03. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की पांच सीटों के लिए नामांकन पत्रों की जांच में इकतीस पर्चे रद्द। पचपन उम्मीदवारों के पर्चे पाये गये वैध।

04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के पच्चीस जिलों में आज लू का अलर्ट जारी किया। आपदा प्रबंधन विभाग ने जिलाधिकारियों को स्कूलों को सुबह की पाली में संचालित करने के निर्देश दिये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।